*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305 इ-मेल: mgahvpro@gmail.com

वेबसाइट : www.hindivishwa.org

# डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र बने हिंदी विश्वविद्यालय के कुलसचिव



महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के कुलसचिव के रूप में जाने-माने साहित्यकार एवं अनुवादक डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

ओडिशा के रायरंगपुर, मयूरभंज में जन्में डॉ. मिश्र एनटीपीसी लिमिटेड में महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे। वे विश्व हिंदी सचिवालय, मॉरीशस में उप महासचिव एवं महासचिव के रूप में भी कार्य कर चुके है। डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र की ओडिया से हिंदी अनुवाद में अब तक 70 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। वे जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में एसोसिएट प्रोफेसर भी रहे हैं। डॉ. मिश्र को हिंदी अनुवाद के लिए साहित्य अकादमी सहित अनेक पुरस्कारों से पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया है।

उन्हें दक्षिण अफ्रीका के जोहांसबर्ग में संपन्न नवें विश्व हिंदी सम्मेलन में विश्व हिंदी सम्मान से भी सम्मानित किया गया है। उनकी पुस्तकें भारतीय ज्ञानपीठ, साहित्य अकादेमी, नेशनल बुक ट्रस्ट, राजकमल तथा राजपाल आदि ख्यातिप्राप्त प्रकाशन संस्थाओं से प्रकाशित हुई हैं। वे भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों की हिंदी सलाहकार समिति में कार्यरत रहे हैं। उनकी नियुक्ति पर कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र, प्रतिकुलपति प्रो. चित्तरंजन मिश्र सहित अधिष्ठता, अधिकारियों एवं अध्यापकों ने उनका स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं प्रदान की हैं।